उत्तर—हमारा आविर्भाव पूर्ण ब्रह्म से हुआ। अतः पारमार्थिक रूप में ी हम पूर्ण हैं पर बाहर से हम अपूर्ण हैं। जहाँ तक हमारी आत्मा का प्रश्न हम पूर्ण ब्रह्म का ही एक अंश हैं। हमारा शरीर अपूर्ण है। मृत्यु के समय ात्मा-परमात्मा में लीन हो जाती है। बाहर से हम अपूर्ण लगते हैं क्योंकि ारीर का व्यवधान पूर्णता में आ खड़ा होता है और हम पूर्ण के अंशी हो ाते हैं।

. "मुझसा भला न कोय" शीर्षक की उपयुक्तता एवं सहज सम्प्रेषण के आधार पर लेखक की शैली की विवेचना कीजिए।

उत्तर—**शीर्षक की उपयुक्तता**—किसी भी रचना का शीर्षक दूकान के ाइन बोर्ड के समान होता है जो दूकान की वस्तुओं का द्योतक होता है। सको पढ़कर ही अनुमान लगाया जा सकता है कि इस दूकान में अमुक वस्तु मलेगी। इसी तरह किसी रचना का शीर्षक भी उसकी विषय-वस्तु की ओर गित करने वाला होता है। प्रस्तुत लेख का शीर्षक भी आकर्षक एवं उपयुक्त । लेखक ने इस पाठ में मनुष्य की आत्म-श्लाघा की तृष्णा का उद्घाटन कया है। मनुष्य अपने को सब से बढ़कर मानता है। वह अपनी प्रशंसा इसी

आधार पर सुनना चाहता है। उसकी इस भावना के पीछे अपनी पूर्णता को खण्डित न होने देने की इच्छा है। वह पूर्ण ब्रह्म का अंशी होने से अपने को पूर्ण मानता है और इसीलिए वह अपनी निन्दा सुनना पसन्द नहीं करता। इन्हीं विचारों का द्योतन शीर्षक से होता है। अतः शीर्षक उचित एवं उपयुक्त है।

(ख) **शैली**—लेखक ने अपने विचारों को बड़े ही क्रमबद्ध ढंग से प्रस्तुत किया है। कबीर के दोहे से विचार प्रारम्भ कर लेखक ने व्यक्ति की आत्म-श्लाघा की इच्छा के पीछे मूल भावना का उदाहरण एवं उद्धरणों के साथ उद्‌घाटन किया है। प्रशंसा की अनुकूल और प्रतिकूल वृत्तियों का विवेचन करते हुए प्रशंसा का मानव जीवन पर प्रभाव का उदाहरण सहित विवेचन किया है और सार रूप में प्रशंसा सुनने के पीछे छिपी मूल भावना का श्लोक के माध्यम से विवेचन किया है।

भाषा-शैली विषयानुरूप गम्भीर है। पर भाषा में जटिलता नहीं है। पर्याप्त उद्धरणों के द्वारा लेखक ने अपनी बात की पुष्टि की है। लेखक ने विवेचनात्मक शैली का उपयोग किया है।

12. "निन्दा और प्रशंसा का आदमी पर प्रभाव" विषय पर लगभग 300 शब्दों में एक युक्तियुक्त निबन्ध लिखिए जिसमें निम्नांकित प्रश्नों पर प्रकाश डालने का प्रयास कीजिए—

(i) प्रशंसा किन-किन उद्देश्यों से की जाती है।
(ii) उसके प्रति हमारा क्या रुख हो।
(iii) प्रशंसा के खतरे और उससे बचने के उपाय।
(iv) आत्म-प्रशंसा की लत और उससे बचने के उपाय।
(v) निन्दा किन-किन कारणों से होती है?
(vi) झूठी निन्दा के प्रति हमारा क्या रुख हो?
(vii) देश में पनपती पीत पत्रिकारिता और उसको रोकने के उपाय।

उत्तर—**निन्दा और प्रशंसा का आदमी पर प्रभाव**—मानवमात्र में अपनी प्रशंसा सुनने की प्रबल इच्छा होती है। हर कोई चाहता है कि लोग उसकी प्रशंसा करें। उसकी इसी इच्छा का सहारा लेकर कई लोग उसे बेवकूफ भी बनाते हैं। उसकी झूठी प्रशंसा कर वे अपना उल्लू सीधा करते हैं। ऐसे लोगों से बच पाना साधारणतः बड़ा कठिन होता है। व्यक्ति अपनी प्रशंसा

नहोना भी करने के लिए तैयार हो जाता है। कई बार बार प्रशंसा का शुभ ...ी मिलता है। प्रशंसा कर हम प्रतिकूल को अनुकूल बना सकते हैं। ...न करने वाले छात्रों और नौकरों से काम करवा सकते हैं। प्रशंसा एक ...है। यह एक अमोघ अस्त्र है, पर अधिकतर इसका उपयोग अपना स्वार्थ ... के लिए ही होता आया है। धनिकों एवं राजाओं की प्रशंसा कर लोग ...ौर धन प्राप्त करते रहे हैं। आज भी लोग पद-प्रतिष्ठा पाने के लिए ...ोगों की चापलूसी करते हैं। यह वृत्ति खराब है।

चापलूसों से व्यक्ति को सावधान रहना चाहिए। आत्म विश्लेषण द्वारा ...ह झूठी प्रशंसा से बच सकता है। जिन गुणों के लिए उसकी प्रशंसा ...रही है, वे अपने में है या नहीं, जानना जरूरी है अन्यथा वह चापलूसों ...ुल में फंस जायेगा। झूठी प्रशंसा से हमें स्वयं को भी हानि होती है। ...म्भी हो जाते हैं और हमारा विकास रुक जाता है।

कई लोगों में आत्म-प्रशंसा की लत होती है। वे अपने मुंह मियां मिट्ठू ...हैं। आत्म-प्रशंसा कोई अच्छी आदत नहीं है। कहा भी है—Self ...se is no recommendation. आत्म-श्लाघा करने वाले पर कोई ...ा नहीं करता। इस आदत से बचना ही हितकर है।

इसके विपरीत निन्दा है। निन्दा अधिकतर हितकर होती है। निन्दा ...यों के कारण होती है। निन्दा से व्यक्ति का आचरण सुधरता है पर ... निन्दा के प्रति हमें ध्यान नहीं देना चाहिए। यदि निन्दा अच्छे व्यक्ति ... की जाती है तो मानना चाहिए कि हम में कोई कमी है, पर कोई बुरा ... ऐसा करे तो परवाह नहीं करनी चाहिए, क्योंकि बुरे व्यक्ति का तो ...ही बुराई करना है।

आजकल पत्रकारिता में भी चरित्र हनन की प्रवृति बढ़ रही है। यह ... है। इसे रोका जाना चाहिए।

---

7. भारत की एकता

—जैनेन्द्र कु

पाठ का सारांश—

प्रस्तुत निबन्ध में लेखक ने भारत की वर्तमान एकता पर प्रकाश है। इस एकता को अक्षुण्ण बनाने के लिए राजनीति नहीं वरन् अध की आवश्यकता है। इस बात की अनुभूति कराना ही प्रस्तुत लेख मूलोद्देश्य है।

आज भारत एक विशाल राष्ट्र है। इसका एक विधान, एक अध्यक्ष, केबीनेट और एक कानून है। इसकी एक राजभाषा है। भारत अब मुट्ठी है। यह एक अपूर्व घटना है। ऐसा कभी नहीं हुआ और हुआ भी तो समय के लिए।

इसका श्रेय राष्ट्रपिता गान्धी को है, पर वे इस राजकार्मी एकत संतुष्ट नहीं थे। इसीलिए वे राजधानी के जश्न में शामिल नहीं हुए। आध्यात्मिक एकता स्थापित करना चाहते थे। उन्होंने 'ईश्वर अल्ला एक नाम' कहकर इसी एकता को स्थापित करना चाहा था।

हमारी वर्तमान एकता सरकारी एकता है। सच्ची एकता मन में उ कर ही सम्भव होती है। सरकारी एकता स्थायी नहीं होती। ब्रिटिश साम्रा ही स्थायी नहीं रहा। अतः स्थायी एकता के लिए मनों की एकता जरूरी जनमन सरकारी कानून से नहीं चलता, वह ईश्वरीय कानून से चलता है।

भारत की एकता को अक्षुण्ण बनाये रखने के लिए आध्यात्मिक एक स्थापित करनी पड़ेगी। इसकी एकता आत्मा द्वारा ही सम्भव है। अन्य उसकी एकता अनेकता को जन्म देने लग जायेगी और यह पराधीनता निमन्त्रण देना होगा।

अभ्यास के प्रश्नोत्तर

1. इस पाठ में से निर्देशानुसार शब्द छाँटिए—

(i) स्वर सन्धि से निर्मित चार शब्द।

उत्तर—पराधीनता, महात्मा, अनेकानेक, दीनातिदीन।

(ii) व्यंजन सन्धि से निर्मित चार शब्द।

उत्तर—संतुष्ट, सन्मति, संतोष, संस्कृतियाँ।

अव्ययीभाव और कर्मधारय से निर्मित दो-दो शब्द।
उत्तर—अव्ययीभाव— (i) खण्ड-खण्ड, (ii) अखण्ड।
कर्मधारय—(i) अल्पकाल (ii) राजकाजी।
बहुब्रीहि व द्विगु समास से निर्मित एक एक शब्द लिखिए।
उत्तर— बहुब्रीहि—राष्ट्रपिता।
द्विगु—अनेकानेक।
वह शब्द कौनसा है जिसमें 'अ' उपसर्ग के रूप में प्रयुक्त नहीं हुआ है।
(क) अखण्ड (ख) अजस्र (ग) अविछिन्न
(घ) अमूल्य (च) अत्यन्त। उत्तर –(ख)
पाठ में 5 उर्दू शब्द छांटकर उनके हिन्दी रूप लिखिए।

उत्तर—उर्दू शब्द	हिन्दी शब्द
सरकारी	शासकीय
आजादी	स्वतन्त्रता
हकुमत	शासन
फौज	सेना
रियासतों	राज्य

प्रत्येक प्रश्न का उत्तर अधिकतम दस शब्दों में दीजिए—
भारत अब बाहर के हर प्रहार को क्यों व्यर्थ कर सकता है?
उत्तर—भारत अब मुट्ठीबन्द है और एकता के सूत्र में बन्धा है अतः वह र के हर प्रहार को व्यर्थ कर सकता है।
राजधानी दिल्ली के जश्न में गांधीजी क्यों शामिल नहीं हुए।
उत्तर—गांधी जी राजकामी एकता से संतुष्ट नहीं थे अतः वे राजधानी के में शामिल न होकर आध्यात्मिक एकता के प्रयास हेतु देशाटन पर ल पड़े।
) गांधीजी ने घर-घर क्या अलख जगाई?
उत्तर—गांधीजी ने घर–घर घूमकर कर अलख जगाई कि आदमी चेते, से छूटे और एके में रहे।
जन-मन किस कानून से चलते हैं?
उत्तर—जन-मन ईश्वरीय कानून से चलते हैं।
जो एकता हमने खड़ी की है वह किस नमूने की है?

उत्तर—जो एकता हमने खड़ी की है वह सरकारी है जिसका अ
दस्तावेज है, उसका अपना तन्त्र है, फौज और कानून है।

5. निम्नलिखित का आशय स्पष्ट कीजिए—

(i) भारत आज की तरह मूर्त और प्रत्यक्ष कभी नहीं हुआ।

उत्तर—भारत अब से पहले एक नाम था। वह आज की तरह एक था। अब वह एक विधान के नीचे जुटकर इकट्ठा हो गया है। वह बि हुआ नहीं है। वह अब मुट्ठीवन्द है। आज ही वह मूर्त हुआ। पहले मात्र नाम था आज एक होकर प्रत्यक्ष हुआ है।

(ii) जनता महासागर है।

उत्तर—जनता महासागर की तरह विशाल है। वह अप्रत्यक्ष रूप से है। बाहर से जरूर अलग-अलग प्रतिभासित होती है। इसी प्रतिभ भिन्नता से खेल खेलना राजनीति है। अन्तर की एकता को बढ़ाकर ही ज को एक सूत्र में बांधा जा सकता है।

(iii) एकता सरकार में पहुँचकर असल नहीं होती, मन में उतर कर ही सही होती है।

उत्तर– सरकारी एकता असली एकता नहीं है। वह बाहरी एकता एक तन्त्र, एक विधान, एक कानून और एक राज्यभाषा होना ही पर्याप्त है। इनसे सरकारी एकता ही स्थापित हो सकती है। असली एकता आ की एकता से ही स्थापित हो सकती है। आध्यात्मिक एकता ही असली एक है। मन से मन मिले तब ही हम असली एकता के दर्शन कर सकते हैं।

(iv) भारत एक घर था, है और रह सकेगा तो आत्मा द्वारा।

उत्तर—भारत की भूत, वर्तमान और भावी एकता का आधार आ ही है। आध्यात्म द्वारा ही भारत की एकता सम्भव है। भारत भूत में आत्मा द्वारा एक था। आज भी एक है तो आध्यात्म द्वारा। सरकारी त से स्थापित एकता न तो स्थाई है और न असली। भविष्य में भी भा अध्यात्म द्वारा ही एक रह सकेगा।

6. भारत की एकता को स्थिर बनाए रखने हेतु हमें क्या उपाय करने होंगे इस विषय में आप जैनेन्द्र जी की मान्यता से कहां तब सहमत हैं?

उत्तर—भारत की एकता को स्थिर रखने के लिए हमें आध्यात्मि एकता स्थापित करनी होगी। हमें अलख जगानी होगी कि आदमी दुई से ह और एके में रहे। आध्यात्म द्वारा ही मन की एकता स्थापित रह सकती है

प्राचीन भारत इस बात का ज्वलन्त प्रमाण है। भारत में अनेकानेक राजतंत्र आये पर जनता एक सूत्र में बंधी नहीं। इसका कारण था कि सन्तों ने अध्यात्म को जिन्दा रखा। राम और कृष्ण की याद ने जन मानस को एक सूत्र में पिरोये रखा। आज भी यह उपाय कारगर हो सकेगा। जैनेन्द्र जी की मान्यता वस्तुतः स्थाई एकता स्थापित करने में सक्षम है।

7. सिद्ध कीजिए कि भारत की कल्पना राजाओं और राजनेताओं पर नहीं अटकी। उनके पार, आत्मवेत्ताओं पर वह ध्रुव बांधकर जमीन रही।

उत्तर—भारत में सदैव से आत्मवेत्ताओं को ही राजा-महाराजाओं से बढ़कर माना है। राजा आये और गये। वे जीवन भर राज्य-विस्तार या राज्यारोहण के लिए पराक्रम करते रहे, फिर भी भारत ने राम और कृष्ण को भुलाया नहीं। उसने बुद्ध और महावीर को याद रखा। जिन्होंने राज्य का परिहार किया। शंकर-चैतन्य को और नानक-गांधी को मान दिया। भारत की आत्मा ने इनको पहचाना। भारत इनके प्रभाव के नीचे पनपा। इसीलिए समूचा भारत एक आदर्श, एक अभिलाषा, एक संस्कृति में अनुस्यूत रहा।

8. प्रस्तुत पाठ के आधार पर जैनेन्द्र की शैलीगत विशेषताएं बताइए।

उत्तर—जैनेन्द्रजी विलक्षण प्रतिभा के धनी हैं। वे गहन चिन्तक एवं विचारक हैं।

इनके निबन्धों का क्षेत्र व्यापक है। विविध विषयों पर उन्होंने सारगर्भित निबन्ध लिखे हैं। इनके निबन्धों में दार्शनिक विचारों का सहज प्रस्फुटीकरण हुआ है। प्रस्तुत निबन्ध में भी आपने भारत की एकता के दार्शनिक पक्ष पर अपने विचार रखे हैं। उन्होने भारत की एकता का आधार आध्यात्म को ही माना है।

जैनेन्द्र अपने गहन दार्शनिक विचारों को तर्क की कसौटी पर कस कर ही प्रस्तुत करते हैं। उचित उदाहरणों एवं तर्कों के आधार पर अपनी मान्यता को हमारे सम्मुख रखते हैं।

इनकी भाषा सहज एवं सरल है। इनके निबन्धों में तत्सम शब्दों की बहुलता होती है पर भाषा में दुरूहता कहीं नहीं है। बोलचाल के उर्दू शब्दों का भी इनकी भाषा में सहज समावेश हुआ है। संक्षिप्त भाषा इनकी शैली की प्रमुख विशेषता है।

बंकिम कथनों का प्रभाव भी निराला है। इनके वाक्य सुगठित एवं छोटे-छोटे होते है। लम्बे-लम्बे और जटिल वाक्यों का प्रयोग बहुत कम हुआ है।

9. महात्मा गांधी लिखित 'आत्म-कथा' पढ़िये और उन चारित्रिक गुण को नोट कीजिए जिनके कारण वे निरन्तर ऊपर उठते गये। फि 'महात्मा गांधी की भारत को देन' विषय पर एक सारगर्भित निबन्ध लिखिए।

उत्तर— **महात्मा गांधी की भारत को देन**—महात्मा गांधी आधुनिक भारत के जन्मदाता थे। उन्होंने भारत को सदियों की दासता से मुक्त करवाया और वह भी बिना किसी प्रकार की हिंसा के। उन्होंने अहिंसा और सत्य के आधार पर अंग्रेजों को भारत छोड़ने के लिये बाध्य किया था। उनके ही प्रयासों से आज हम स्वतन्त्र वातावरण में सांस ले रहे हैं।

गांधीजी ने भारत को एक सूत्र में पिरोया। आज जो एकता नजर आ रही है वह बापू की ही देन है। उन्होंने साम्प्रदायिकता को समाप्त कर हिन्दू-मुस्लिम एकता को सुदृढ़ किया था।

गांधीजी ने अस्पृश्यता के भूत को भगाकर अछूतों को उन्नत करने का प्रयास किया। उन्हीं के अथक प्रयासों से सदियों से पददलित जातियाँ ऊपर उठ पाईं। नारी की स्वतन्त्रता को उन्होंने साकार रूप दिया।

देश को उन्होंने समाजवादी समाज का रूप दिया जहाँ सब समान हैं। सभी को समान अवसर मिले हैं। उन्होंने सत्ता का विकेन्द्रीकरण कर पंचायती राज की स्थापना की प्रेरणा दी। आर्थिक विकेन्द्रीकरण हेतु उन्होंने छोटे-छोटे उद्योगों और कुटीर उद्योगों को प्रोत्साहन दिया। गाँधीजी ने भारत के उपयुक्त शिक्षा प्रणाली भी दी। उनकी बेसिक शिक्षा व्यवसाय केन्द्रित है और भारत की शैक्षिक आवश्यकताओं के अनुरूप। गांधीजी ने धर्म के नाम पर कोई धर्म तो नहीं चलाया पर सत्य, अहिंसा पर बल दिया। उन्होंने सर्व-धर्म-सम-भाव की स्थापना की। उन्होंने ईश्वर-अल्लाह, की एकता स्थापित की।

वस्तुत: गांधीजी भारत के सच्चे संत हुए हैं जिन्होंने राजनीति और धर्म का गठबन्धन करने का प्रयास किया। उन्होंने साधन और साध्य की पवित्रता पर बल दिया और इस तरह राजनीति को नैतिकता से जोड़ा।

भारत आज जो कुछ है वह गांधीजी के कारण है। राष्ट्र ने उनको राष्ट्रपिता कहकर अपनी विनम्र कृतज्ञता ही प्रकट की है।

8. गेहूँ बनाम गुलाब

रामवृक्ष बेनीपुरी

का सारांश —

प्रस्तुत निबन्ध में बेनीपुरीजी ने भौतिकता पर मानसिक आनन्द की जय की ओर बढ़ने की मानव को प्रेरणा दी है। 'गेहूं' भौतिकता का तीक है और 'गुलाब' मानसिक तृप्ति का। इन दोनों के सामंजस्य में ही ी जीवन की कल्पना सम्भव है।

गेहूं हम खाते हैं शरीर को पुष्ट करने के लिए और गुलाब सूंघते हैं को तृप्त करने के लिए। ये दोनों ही आवश्यक हैं। पुष्ट शरीर पर त मानस ही हमें आनन्द दे सकता है।

जब से मानव पृथ्वी पर आया है तब से ही उसने भौतिक सुख प्राप्त रने का प्रयास किया है। भौतिकता की प्राप्ति के साथ-साथ उसने मन तृप्त करने का प्रयास भी किया। उसने उस दिन से, जिस दिन वह कर खड़ा हुआ, पेट पर मानस की विजय की घोषणा की। उसके शरीर मस्तिष्क का सर्वोपरि स्थान है, पेट का नीचे। इसीलिए उसने मानस की पर विजय की दुन्दुभी बजाई। प्राचीन काल के व्रत, उपवास, तपस्या ादि इसी बात के प्रमाण हैं।

जब तक मानव ने पेट और मानस में सन्तुलन रखा वह सुखी रहा, पर रे-धीरे वह सन्तुलन टूट गया और वह नारकीय यन्त्रणा देने वाले श्रम लीन हो गया। परिणाम यह हुआ कि उसका मानस उपेक्षित हो गया ौर मानव दुःखी।

अब पुनः सन्तुलन स्थापित करने की आवश्यकता है। पथ अब संतुलन भी काम नहीं चलेगा। अब तो आवश्यकता है भौतिकता पर मानसिकता ी विजय की। अब हमें प्रचुरता नहीं चाहिए। यह मानव को सुख-शान्ति हीं दे सकती। प्रचुरता हो, पर उसमें राक्षसता न आने पावे इसके लिए त्तियों के उन्नयन की आवश्यकता है। अब आत्म-संयम से भी काम नहीं लने का। इसमें खतरा है गिर जाने का। अतः कामनाओं को स्थूल ासनाओं के क्षेत्र से ऊपर उठाकर सूक्ष्म भावनाओं की ओर प्रवृत्त करें — ी एकमात्र हल है। तब ही शरीर पर मानस की पूर्ण प्रभुता स्थापित हो केगी जिससे मानव को सुख-शान्ति मिल सकेगी।

है। को लेखक है। कामनाओं

अभ्यास के प्रश्नोत्तर

1. निम्नलिखित शब्दों के हिन्दी रूप लिखिये—

उत्तर—

शब्द	हिन्दी शब्द
तरजीह	ध्यान
इफरात	बहुलता
तबाह	नाश
दीदार	दर्शन
गलीज	मैला, अपवित्र

2. इस पाठ में प्रयुक्त 'चमचम' और 'छपछप' शब्दों की ओर ध्य दीजिये। 'चमचम' दृश्य के आधार पर बना अनुकरण शब्द है अ छप-छप ध्वनि के आधार पर। आप तीन-तीन दृश्यात्मक और ध्वन्य त्मक शब्द और लिखिये।

उत्तर—

	दृश्यात्मक शब्द	ध्वन्यात्मक शब्द
1.	टिम-टिम	टप-टप
2.	चिप-चिप	खट-खट
3.	कच-पच	सर-सर

3. निम्नांकित वाक्य का उसके उपवाक्यों में विश्लेषण करके उनके ना बताइए—

"हमारा सोने का हिन्दोस्तान—यह गीत गाइए, किन्तु यह न भूलि कि यहाँ एक सोने की नगरी थी, जिसमें राक्षसता वास करती थी।"

उत्तर—

प्रधान रूप	उपवाक्य या आश्रित उपवाक्य	उपवाक्य का नाम
यह गीत गाइए—हमारा सोने का हिन्दोस्तान।	1) किन्तु यह न भूलिये।	समानार्थी उपवाक्य
	(2) कि यहाँ सोने की एक नगरी थी।	संज्ञा उपवाक्य
	(3) जिसमें राक्षसता निवास करती थी।	क्रिया विशेषण उपवाक्य

4. प्रस्तुत पाठ में गेहूं और गुलाब के प्रतीकार्थ (लक्ष्यार्थ) को स्पष्ट करते हुए बताइए कि गेहूं और गुलाब की दुनिया से क्या तात्पर्य है? दोनों का जीवन पर क्या प्रभाव पड़ता है?

उत्तर—गेहूं भौतिक वासनाओं, कामनाओं या सुख का प्रतीक है। यह उबाने वाले, कमर तोड़ श्रम का भी प्रतीक है। ये दुनिया को भौतिक सुखों को हड्डी तोड़ने वाले, थकान वाले, उबाने वाले, नारकीय यंत्रणाएँ देने वाले श्रम में प्रवृत्त करती है। यह हमारे शरीर को गुलाम बनाकर रखती है। पेट की क्षुधा शान्त हो भी जाए पर सुखों की चाह वासनाओं की क्षुधा जागृत कर मानव को तबाही के मार्ग पर ला खड़ा करती है।

विपरीत इसके मानसीक तृप्ति है। गुलाब को सूंघ कर मानसिक तृप्ति मिलती है। गुलाब की दुनिया मानस का संसार है—सांस्कृतिक जगत है। इसने मानव को आत्मिक शान्ति की ओर प्रेरित किया है। जिससे उसने भौतिकता पर विजय की घोषणा की। परिणामस्वरूप इन दोनों में सामंजस्य रहा; पर जब टूटा, मानव दुःखी हुआ।

5. सिद्ध कीजिये कि गेहूं और गुलाब के सन्तुलन से ही जीवन सुखी हो सकता है।

उत्तर—गेहूं और गुलाब के सामंजस्य का अर्थ है पेट और मन का सामंजस्य, शरीर और मानस का सामंजस्य, भौतिक सुखों और आत्मिक सुख का सामंजस्य। जब सामंजस्य होगा तब ही मनुष्य सुखी होगा; तब ही वह कमाता हुआ गा सकेगा और गाता हुआ कमा सकेगा; तब ही उसके श्रम के साथ संगीत बंध सकेगा और संगीत के साथ श्रम बंध पायेगा। इसमें से प्रथम की सबलता का अर्थ होगा सामंजस्य का टूटना। गेहूं का प्राबल्य मानव को उबाने वाले श्रम में लगायेगा; उसे प्रचुरता प्राप्त करने में प्रवृत्त करेगा जिसका परिणाम होगा दुःख। जब दोनों का सामंजस्य होगा तब ही प्रचुरता में राक्षसता प्रवेश नहीं कर सकेगी और परिणाम होगा सुख।

6. प्रचुरता में राक्षसता न आवे इसके लिए लेखक ने क्या उपाय बताए हैं।

उत्तर—प्रचुरता में राक्षसता न आये इसके लिये दो उपाय हैं—इन्द्रियों का संयमन और वृत्तियों का उन्नयन। इनमें से प्रथम को लेखक स्वीकार नहीं करता। वह दूसरे मार्ग को ही अच्छा मानता है। कामनाओं

को स्थूल वासनाओं के क्षेत्र से ऊपर उठाकर सूक्ष्म वासनाओं की ओर प्रवृत्त करना ही एकमात्र उपाय है।

7. निम्नलिखित का आशय स्पष्ट कीजिए—

(1) गेहूं तक पशु और मानव में क्या अन्तर है ? मानव को मानव बनाया गुलाब ने।

उत्तर—जहाँ तक भौतिक आवश्यकताओं का सम्बन्ध है मानव और पशु एक समान है। मूल-भूत आवश्यकताओं की पूर्ति में दोनों समान हैं। भय, आहार, निद्रा, और मैथुन में मानव पशु सदृश है। शारीरिक भूख की तृप्ति तक वह पशु ही है। पशु से अलग करने वाला तत्त्व है मानस। मानस जगत या सांस्कृतिक जगत है जो उसे पशु से मानव बनाता है।

(2) मानव शरीर में पेट का स्थान नीचे है, हृदय का ऊपर और मस्तिष्क का सबसे ऊपर।

उत्तर- शारीरिक सुखों का स्थान नीचे है जबकि मानसिक तृप्ति का स्थान सर्वोच्च। जिस तरह पेट का स्थान शरीर में नीचा होता है और मस्तिष्क का सर्वोपरि, उसी तरह भौतिक सुखों का भी स्थान निम्न होता और मानसिक सुखों का सर्वोपरि।

(3) शरीर पर मानस की पूर्ण प्रभुता स्थापित हो—गेहूं पर गुलाब की।

उत्तर—शरीर पर मन का नियन्त्रण होना चाहिए। भौतिक सुखों की कामना पर मानस की तृप्ति की प्रभुता हो, तब ही सच्चा सुख प्राप्त हो सकता है।

(4) हमारे सोने का हिन्दोस्तान - यह गीत गाइए किन्तु यह न भूलिए कि यहां एक सोने की नगरी थी, जिसमें राक्षसता वास करती थी।

उत्तर—प्रचुरता के गीत गाना तो अच्छा है पर प्रचुरता में राक्षसता निवास करती है। सोने की लंका में रावण सरीखा राक्षस निवास करता था जो राक्षसता का प्रतीक था। वह रक्त पीता था, अभक्ष्य खाता था, जिसके दस सिर थे और जिसे दूसरे की बहू-बेटियों को उड़ा ले जाने में तनिक भी झिझक नहीं थी। अतः प्रचुरता से बचना ही हितकर होगा।

(5) यह तो अनहोनी बात है - उटोपिया; उटोपिया !

उत्तर—पृथ्वी और आकाश से उन तत्त्वों को सीधे ही ग्रहण करना, जिन्हें गेहूं प्राप्त करता है, अनहोनी बात है, कोरी कल्पना है। उटोपिया माने कोरी कल्पना। यह एक पुस्तक का नाम है जिसे थॉमस मूर ने लिखा है।

इस पुस्तक में मूर ने एक ऐसी दुनिया की कल्पना की है जहां सुख ही सुख है। अब यह शब्द कोरी कल्पना का पर्याय बन गया है। अतः गेहूँ को मिलने वाले तत्वों को सीधे प्राप्त करने की इच्छा भी मात्र कल्पना है।

8. इन्द्रिय-संयमन और वृत्ति-उन्नयन में आप किसे अच्छा मानते हैं और क्यों ?

उत्तर— इन्द्रिय संयमन और वृत्ति उन्नयन में से दूसरा उपाय ही अच्छा है। यह स्खलित हो सकता है। हमारे ऋषियों के उदाहरण इस बात को सिद्ध करते हैं। आज भी हम बापू के आत्म संयमन के उपदेश के बावजूद दिन-प्रतिदिन नीचे गिरते जा रहे हैं। दूसरे उपाय में इसका कोई भय नहीं। इसमें सिर्फ वृत्तियों का ही उन्नयन करने की आवश्यकता होती है उन्हें दबाने की नहीं। वृत्तियों को दबाने पर उनके पुनः उभरने का खतरा सदा बना रहता है। दमित कामनाएँ कभी न कभी फूट पड़ती हैं। जैसे ही थोड़ा सा भी प्रलोभन मिला, वृत्तियां प्रबल हो उठती है। अतः उनका मार्गान्तरीकरण करना अथवा उनका उन्नयन करना ही ठीक रहता है।

9. 'गेहूँ और गुलाब' के लिखने में लेखक का क्या उद्देश्य रहा है ? प्रकाश डालिए।

उत्तर— प्रस्तुत लेख को लिखने में लेखक का उद्देश्य यह रहा है कि मानव को भौतिकता पर मानसिक आनन्द की विजय की प्रेरणा मिले। भौतिकता और मानसिक तृप्ति के सामंजस्य में सुखी जीवन की सम्भावना है। इस तथ्य का उद्घाटन करना ही लेखक का मूल उद्देश्य है।

10. प्रस्तुत लेख के आधार पर लेखक की रचना शैली की विवेचना कीजिए।

उत्तर—बेनीपुरीजी की शैली बड़ी रोचक है। उन्होंने एक गम्भीर विषय को बड़े ही सहज ढंग से प्रस्तुत किया है। शैली काव्यमय है। छोटे-छोटे वाक्यों द्वारा गहन विषय का विश्लेषण किया है। लेखक ने इस पाठ में प्रतीकों का प्रयोग किया है। ये प्रतीक विषय को जटिल नहीं बनाते। उन्होंने गेहूँ को भौतिकता, गुलाब को मानसिक तृप्ति तथा सोने की नगरी को प्रचुरता के प्रतीक के रूप में रखा है। सारी ही विषय-वस्तु को प्रतीकात्मक शैली में लेखक ने स्पष्ट किया है।

भाषा सरल एवं सहज है। वाक्य सरल एवं विषय-वस्तु को स्पष्ट करने वाले हैं।

———

9. सच्ची वीरता

—सरदार पूर्णसिंह

पाठ का सारांश—

प्रस्तुत निबन्ध में सच्ची वीरता का मूर्त एवं स्थूल चित्रण प्रस्तुत किया गया है।

सच्चे वीर पुरुष धीर, गम्भीर और आजाद होते हैं। उनके मन की गम्भीरता और शान्ति समुद्र की तरह विशाल और गहरी होती है। वे कभी चंचल नहीं होते।

वे सत्त्वगुणी और महात्मा होते हैं। उनके लिये सांसारिक ऐश्वर्य कोई महत्त्व नहीं रखता। वे निडर और निर्भय होते हैं। उनका सिंहासन लोगों का हृदय होता है। वे शहंशाह-जमाना होते हैं। वे अपनी धुन के पक्के होते हैं। कोई यन्त्रणा उन्हें मार्ग से नहीं भटकाती है। वे रुपये-पैसे का दान नहीं करने पर अपने आपको ही हवन कर देते हैं।

सच्चे वीर बड़े मौकों का इन्तजार नहीं करते, छोटे मौकों को ही बड़ा बना देते हैं। वे हर घड़ी अपने आपको महान् बनाते रहते हैं।

वीरता एक प्रकार की देवी प्रेरणा है। वह हमेशा निराली और नई होती है। वीरता की कभी नकल नहीं हो सकती। वीरों के कारखाने नहीं होते। वे देवदार के वृक्षों की तरह स्वयं की चिन्ता नहीं करते। वे अपने अन्दर देखते हैं और आत्मिक उन्नति करते हैं। वे स्थिर-चित्त होते हैं।

अभ्यास के प्रश्नोत्तर

1. निम्नलिखित मुहावरों का अर्थ प्रकट करते हुए वाक्य में प्रयोग कीजिए—

उत्तर—(1) रंग चढ़ना=प्रभाव पड़ना।

वा. प्र.—वीर रस की कविता सुनकर वीरता का **रंग चढ़ना** स्वाभाविक है।

(2) रंग बदलना—नाराज होना, हालत बदल जाना।

वा. प्र.—हँसी-खुशी के माहौल में राम के दुर्घटनाग्रस्त होने के समाचार ने सारा **रंग बदल दिया**।

(3) हद दिखलाना=सीमा का भान करा देना।

वा. प्र.—गुलाम ने बादशाह को यह कहकर कि वह फांसी पर चढ़कर भी उसकी बेइज्जती कर सकता है, उसे उसकी **हद दिखा दी**।

(4) ओठ सूखना = थकान का अनुभव करना, अधिक प्यासा होना।

वा. प्र—जेठ की तपती दोपहरी में हमें मीलों पैदल चलना पड़ा। ी हालत देखते ही बनती थी। ओठ सूख गये थे, शरीर पसीने से तर-था।

(5) दुनिया की खबर न होना—बाहर क्या हो रहा है, इसकी जान- न होना।

वा. प्र.—वह हमेशा अपने में ही सिमटा रहता है। उसे दीनो दुनिया खबर नहीं रहती।

निम्नांकित शब्दों के हिन्दी समानार्थी रूप लिखिये।

उत्तर—

शब्द	हिन्दी समानार्थी
दरख्त	वृक्ष, पेड़
बादशाह	राजा
बुजदिली	कायरता
काफिर	नास्तिक
गुलाम	दास
मुकाबला	सामना
इलहाम	आकाशवाणी, ईश्वरवाणी
कुदरत	ईश्वर शक्ति, प्रकृति

सन्धि-विच्छेद कीजिए और उनका नाम बताइए।

उत्तर—

पद	सन्धि-विच्छेद	सन्धि का नाम
पिण्डोपजीवी	पिण्ड + उपजीवी	स्वर (गुण) सन्धि
सिंहासन	सिंह + आसन	स्वर (दीर्घ) सन्धि
ब्रह्मोऽस्मि	ब्रह्मः + अस्मि	विसर्ग सन्धि
दुर्भिक्ष	दुः + भिक्ष	विसर्ग सन्धि
परोपकारी	पर + उपकारी	स्वर (गुण) सन्धि

समास-विग्रह कीजिये और समास का नाम बताइये।

उत्तर—

पद	समास-विग्रह	समास का ना
प्राणसारंगी	प्राणों की सारंगी	तत्पुरु
परोपकारी	पर+उपकार करने वाला अर्थात् दयावान	बहुव्रीहि
आजकल	आज और कल	द्वन्‍
हृदयाकश	हृदय का आकाश	तत्पुरु
चिरस्थायी	चिर काल तक स्थायी	कर्मधारय

5. निम्नलिखित का अर्थ स्पष्ट कीजिये।

उत्तर—(1) काफिर=नास्तिक, मुसलमानों के अनुसार उनसे भिन्न धर्म मानने वाला।

(2) फकीर=साधु, भिखमंगा

(3) पीर=सिद्ध महात्मा

(4) कापालिक=शैव मत के तांत्रिक साधु जो मद्य-माँस खाते हैं तथा हाथ में मनुष्य का कपाल रखते हैं।

(5) पिण्डोपजीवी=श्राद्ध खाने वाला ब्राह्मण, दूसरों पर आश्रित

(6) टकसाल=वह स्थान जहाँ सिक्के ढाले जाते हैं

(7) पालिसी=नीति

(8) अगम्य=जहाँ पहुँचा न जा सके।

6. दुनिया के राजाओं की दौड़ है—

(क) सिंहासन तक (ख) ऐश्वर्य तक
(ग) शरीर तक (घ) कायरों तक
(च) गुलामों तक

उत्तर (ग)

7. सच्चे वीर के तीन प्रमुख गुणों का उल्लेख कीजिए।

उत्तर—सच्चे वीर धीर, गम्भीर और आजाद होते हैं।

8. हमारे असली और सच्चे राजा कौन हैं? सच्चे राजा की विशेपताओं पर प्रकाश डालिए।

उत्तर—हमारे असली और सच्चे राजा सच्चे वीर होते हैं जिनका सिंहासन लोगों के हृदय-कमल की पंखुड़ियों पर है। सच्चे राजा अपने प्रेम के जोर से लोगों के दिलों को सदा के लिए बाँध देते हैं। वे दिलों पर

ासन करते हैं। वे निर्भय, निडर होते हैं। वे आजाद और और धैर्यशील होते हैं। वे शान्तचीत्त होते हैं।

· गुलाम ने दुनिया के बादशाह के बल की हद किस प्रकार दिखलाई ? लगभग 50 शब्दों में उत्तर दीजिए।

उत्तर—गुलाम दिल से आजाद था। बादशाह ने कहा—"मैं तुम्हें अभी जान से मार डालूँगा तुम, क्या कर सकते हो ?" गुलाम बोला—'हाँ, मैं फांसी पर चढ़ जाऊँगा पर तुम्हारा तिरस्कार तब भी कर सकता हूं।" इस तरह गुलाम ने दुनिया के बादशाह को उसके बल की हद दिखा दी।

). निम्नलिखित का आशय स्पष्ट कीजिए—

(1) वीर पुरुष का शरीर कुदरत की कुल ताकतों का भण्डार है। यह मरकज हिल नहीं सकता।

उत्तर—वीर पुरुष का शरीर प्रकृति की शक्तियों का केन्द्र होता है। वह अपनी शक्तियों को फिजूल नहीं होने देता। वीर की नीति बल को इकट्ठा करने और बढ़ाने की होती है। उसके अन्दर जो देवी केन्द्र है वह अचल है। वह अपनी शक्ति को नष्ट नहीं होने देता।

(2) आजकल के वीरों की जानें अखबारों के लेखों में है।

उत्तर—आजकल अखबार वीर पैदा करते हैं। किसी ने एक-दो काम किए और आगे बढ़कर छाती दिखाई कि अखबार उसे हीरो बना देते हैं। ये अखबार ही निन्दा कर उनकी मौत का कारण बनते हैं। वीरों का जीना और मरना आज अखबारों के हाथ है। अखबारों ने स्तुति की तो वीर बन गये और निन्दा की तो उनकी मौत हो गई। अतः लगता है कि वीरों की जानें अखबारों के लेखों में है।

1. जापान के वीरता सम्बन्धी विचारों पर प्रकाश डालिए।

उत्तर—जापानी लोग वीरता की मूर्ति पूजते हैं। इस मूर्ति के दर्शन वे चेरी के फूल की शान्त हँसी में करते हैं। उनके अनुसार वीरता सदा जोश भरा हुआ ही उपदेश नहीं करती। वीरता कभी-कभी हृदय की कोमलता का भी दर्शन कराती है।

2. "कायर कहते हैं—आगे बढ़ो। वीर कहते हैं पीछे हटो। कायर कहते हैं—उठाओ तलवार। वीर कहते हैं- सिर आगे करो।" इसका आशय स्पष्ट करते हुए बताइए कि आप इससे कहाँ तक सहमत हैं।

उत्तर—इसका आशय यह है कि कायर अपनी शक्तियों को फिजूल खर्च करने को कहता है। वीर अपने अन्दर झाँकता है, अपने को देखता है। वह अपनी आत्मिक उन्नति की बात सोचता है। वह बाहरी उन्नति का विचार नहीं करता। उसका हृदय प्रकृति की कुल शक्तियों का भण्डार होता है। वह इन शक्तियों को व्यर्थ नहीं करता। वह इनको एकत्र करता है। लेखक ने आत्मिक उन्नति करने वालों को सच्चा वीर माना है। अतः उसका यह कथन सारगर्भित है।

13. निम्नांकित पर टिप्पणियाँ लिखिए—

(1) वीरों का दान—वीर रुपया, पैसा, माल, धन का दान नहीं करते। वे तो अपने आपको हवन करते हैं। यही वीरों का दान है।

(2) मंसूर—एक सूफी संत थे। वे कहा करते थे कि मैं खुश हूं। औरंगजेब को यह अच्छा नहीं लगा। उसने उन्हें फाँसी पर लटकवा दिया।

(3) शम्सतबरेज—यह भी एक सूफी संत हुए हैं। औरंगजेब सुन्नी मत को मानने वाला था। अतः बाकी सबको वह काफिर कहा करता था। उसने इस संत की खाल उतरवाई। संत ने उस खाल को बादशाह को भीख में दे दिया।

(4) नेपोलियन—यह फ्राँसीसी सेनापति था। इसने फ्रांस को आजाद करवाया और एक बार तो उसने समस्त यूरोप को ही जीत लिया था। यह असम्भव तो किसी कार्य को मानता ही नहीं था।

(5) महात्मा-बुद्ध—राजा शुद्धोधन के पुत्र। बचपन का नाम सिद्धार्थ। बाद में शान्ति प्राप्ति के बाद महात्मा बुद्ध-कहलाए। बौद्ध धर्म प्रर्वतक बने।

(6) गुरु नानक—सिक्ख धर्म के प्रर्वतक थे।

14. सच्ची वीरता निबन्ध के आधार पर लगभग 200 शब्दों में "वीरता" विषय पर एक निबन्ध की रचना कीजिए।

उत्तर—(नोट—इस उत्तर के लिए पाठ का सारांश पढ़ लें।)

15. सच्ची वीरता निबन्ध के आधार पर सरदार पूर्णसिंह की रचना शैली पर प्रकाश डालिए।

उत्तर—सरदार पूर्णसिंह द्विवेदी युग के चिर-परिचित निबन्धकार हैं। ावुक, प्रेमी हृदय एवं सच्चरित्रता के सच्चे पुजारी थे। उनका कवि य उनके निबन्धों में छलका पड़ता है। प्रस्तुत निबन्ध इस बात का ण है।

सरदारजी की शैली काव्यमय है। उनके निबन्ध गद्य में कविता कहे सकते हैं। प्रस्तुत निबन्ध में उनका कवि हृदय जैसे मानो छलक पड़ ा हो। निबन्ध की एक-एक पंक्ति कविता की पंक्ति ही मानो। यह बन्ध सरदारजी की भावुकता को प्रकट करने वाला है। इसमें इन्होंने च्ची वीरता को मूर्त्त एवं स्थूल रूप से चित्रित किया है। अमूर्त्त भाव का ा मूर्त्त चित्रण अन्यत्र दुर्लभ है। अपने कथनों एवं मान्यताओं के प्रमाण सरदारजी, इतिहास से उदाहरण प्रस्तुत करते हैं। विषय का प्रतिपादन न्होंने इस रूप में किया है कि सच्ची वीरता की मूर्ति सी हमारे मानस में ा विराजती है।

सरदारजी के निबन्धों की भाषा अलंकृत होती है। प्रस्तुत निबन्ध की ाषा भी इसका अपवाद नहीं है। अलंकृत होने पर भी भाषा अति स्वा-ाविक एव सरल है। आपकी वाक्य रचना सुगठित है और भावों का मूर्त-चत्रण करने में सक्षम है। वाक्य ऐसे सुगठित एवं सारगर्भित हैं कि वे कहा-तों से लगते हैं। अन्ततः हम यही कह सकते हैं कि सरदारजी की भाषा ैली उनके व्यक्तित्व का प्रतिबिम्ब है।

---

10. पुण्य स्मरण

—महादेवी वर्मा

ाठ का सारांश—

प्रस्तुत लेख में महादेवीजी ने महात्मा गान्धी के सार्वभौमिक व्यक्तित्व को प्रकाशित किया है। उनके व्यक्तित्व की इस सार्वभौमिकता का कारण उनके व्यक्तित्व के शारीरिक एवं चारित्रिक गुण थे।

(i) शारीरिक गठन—गान्धीजी आकृति में सामान्य जन के प्रतिनिधि थे। कुछ कृश, लम्बा और इस्पाती स्नायुजाल से युक्त एवं उज्ज्वल, श्यामवर्ण

देह को देखकर लगता था मानो किसी साँचे में ढली लोह प्रतिमा को ज्वाल से धोकर स्वच्छ कर दिया गया हो। लम्बी बांहें, चौड़ी हथेलियाँ, लम्बी और दृढ गठित उंगलियाँ उनकी अपनी विशेषताएं हैं। पुष्ट घुटने, सूती हुई सी पिंडलियाँ एवं द्रढ़ पांव उनकी दृढता के प्रतीक थे।

क्षीण कटि, कृश उदर, उभरा चौड़ा वक्ष, बड़ा सिर, सीधी नासिक उनके दृढ़ निश्चय के परिचायक थे। कुछ बड़ा सा नीचे का ओठ, आकर्षक आँखें उनकी अन्य विशेषताएं थीं।

(ii) **वेशभूषा**—वे शुभ्र खादी की आजानु आच्छादित धोती पहनते थे ऊपर का भाग नग्न रहता था। पैरों में चप्पल, आंखों पर चश्मा यही उनकी साधारण सी वेश-भूषा थी।

(iii) **व्यक्तित्व के गुण एवं प्रभाव**—गान्धीजी किसी मत या सम्प्रदाय के संस्थापक नहीं थे। उन्होंने किसी वाद या सिद्धान्त-विशेष की उद्भावना नहीं की थी। उन्होंने धर्म के सिद्धान्तों की परीक्षा राजनीति में की और सामाजिक आचार की साहित्य में।

गान्धीजी ने देश की जीवन-शक्ति की क्षीणता के कारण को पहचाना और देश को विदेशी दासता से मुक्त कराया। गान्धीजी दूसरों की महानता में विश्वास करते थे और उससे शक्ति प्राप्त करते थे। उन्होंने अहिंसा और सत्य का जयघोष किया। उन्होंने साधन और साध्य की पवित्रता पर भी जोर दिया।

गान्धीजी ने सत्य, अहिंसा और प्रेम के त्रिगुणात्मक तत्व को पहचाना और उसे अपने कर्म में साकारता दी। यही उनके व्यक्तित्व का जादू है। गान्धीजी सर्वकालीन जीवन के प्रतीक थे।

अभ्यास के प्रश्नोत्तर

1. निम्नांकित शब्दों का संधि-विच्छेद करके संधि का नामोल्लेख करिए—

उत्तर—

पद	सन्धि-विच्छेद	सन्धि का नाम
उद्घोष	उत् + घोष	व्यञ्जन सन्धि
उपरान्त	उपर + अन्त	स्वर (दीर्घ) सन्धि
हासोज्ज्वल	हास + उज्ज्वल	स्वर (गुण) सन्धि
अनायास	अन + आयास	स्वर (दीर्घ) सन्धि
दुर्योग	दुः + योग	विसर्ग सन्धि
दुष्कर	दु + कर	विसर्ग सन्धि

निम्नांकित शब्दों का समास-विग्रह करके समास का नाम बताइए—

उत्तर—

पद	समास-विग्रह	समास का नाम
छोटे-बड़े	छोटे और बड़े	द्वन्द्व
कठघरा	काठ का घर	तत्पुरुष
श्याम-वर्ण	श्याम है वर्ण जो	कर्मधारय
लक्ष्यभेदी	लक्ष्य को भेदने वाला	तत्पुरुष
हासोज्ज्वल	हास जो उज्ज्वल है	कर्मधारय
क्रांत-द्रष्टा	क्रांति का द्रष्टा	तत्पुरुष
भिन्न-भिन्न	भिन्न + भिन्न	अव्ययीभाव
वज्रमुष्टि	वज्र के समान मुष्टि	कर्मधारय

निम्नांकित वाक्यों से उसके संघटक उप वाक्य अलग करके कारण सहित उनके नाम लिखिए—

"प्रकृति सम्भवत: अपने किसी गूढ़ उद्देश्य की सिद्धि के लिए महापुरुषों के मस्तिष्क और हृदय को **जिस सतर्कता से असाधारण बनाती है**, उसी से उसकी आकृति को असाधारणता देती है।

मुख्य वाक्य	उपवाक्य	उपवाक्य का नाम एवं कारण
...कृति उसकी आकृति को ...साधारणता देती है।	अपने किसी गूढ़ सिद्धि के लिए महापुरुषों के मस्तिष्क और हृदय को जिस सतर्कता से असाधारण बनाती है।	विशेषण उपवाक्य मुख्य वाक्य का विशेषण

. निम्नांकित शब्द-युग्मों का अर्थभेद स्पष्ट करिए—

उत्तर—

(i) स्वाभाविक/नैसर्गिक
स्वाभाविक = स्वभाव से या अपने आप होने वाला
नैसर्गिक = प्राकृतिक

(ii) विद्रोह/विप्लव
विद्रोह = बलवा, बगावत, राज्य सत्ता के विरुद्ध होना
विप्लव = क्रान्ति, हलचल, अशान्ति

(iii) आचार/अचार

अचार = फल अथवा तरकारियों में नाना प्रकार के मिर्च-मसाले डालकर बनाया हुआ खाने का पदार्थ

आचार = व्यवहार, आचरण

(iv) अनुभूति/अनुभव

अनुभूति = परिज्ञान, उपलब्धि

अनुभव = प्रयोग द्वारा प्राप्त ज्ञान

(v) अस्त्र/शस्त्र

अस्त्र = फेंक कर चलाने का हथियार, जैसे बाण।

शस्त्र = हाथ में पकड़ कर वार करने वाले हथियार, जैसे-तलवार।

5. "उज्ज्वल" शब्द आपका साथी "उज्जवल" लिखता है। आप इस त्रुटि का ज्ञान कराने के लिए क्या तर्क देंगे ?

उत्तर—"उज्ज्वल" शब्द में दोनों ज्ज् आधे बोले जाते हैं अतः 'ज्ज्व' लिखना ही सही रहेगा।

6. निम्नांकित का अन्तर 100 शब्दों में समझाइए—

साम्राज्यवाद, उपनिवेशवाद, पूंजीवाद, भौतिकवाद।

उत्तर—(1) **साम्राज्यवाद**—यह वह वाद या सिद्धान्त है जिसमें साम्राज्य को बनाये रखने तथा उसको निरन्तर बढ़ाते रहने की अभिलाषा होती है, जैसे अंग्रेजों ने अपने साम्राज्य को खूब बढ़ाया और उसके बनाये रखने का निरन्तर प्रयास किया।

(2) **उपनिवेशवाद** यह वह वाद या सिद्धान्त है जिसमें एक देश की सरकार अन्य देशों में अपने लोगों को बसाती है उस पर अपना शासन भी जमाती है।

(3) **पूंजीवाद**—पूंजीवाद को अंग्रेजी में कैपिटलिज्म कहते हैं। यह वह वाद या सिद्धान्त है जिसमें पूंजीपतियों का स्थान आर्थिक क्षेत्र में प्रमुख माना जाता है।

(4) **भौतिकवाद**—वह सिद्धान्त जिसमें पदार्थों को ही सब कुछ समझा जाता है तथा जिसमें आत्मा या ईश्वर आदि नहीं माने जाते। इसमें भौतिक सुखों की प्राप्ति को ही प्राथमिकता दी जाती है। "खाओ, पीओ, मौज उड़ाओ" का जीवन-दर्शन इस सिद्धान्त के अधिक निकट है।

7. निम्नांकित प्रश्नों में से प्रत्येक का उत्तर 50 शब्दों में दीजिये—

(i) गान्धी और लेनिन में लेखिका ने क्या समानता बताई ?

उत्तर—गान्धी और लेनिन दोनों ही आकृति में सामान्य जन के प्रतिनिधि थे। दोनों को ही न तो विशालकाय शरीर मिला था और न असाधारण रूप। दोनों ने ही आर्थिक धरातल पर मानव समानता का उद्घोष किया।

(ii) गान्धीजी के व्यक्तित्व का लोगों पर पड़ने वाला प्रभाव "विविध" क्यों बताया गया है ?

उत्तर—गान्धीजी के व्यक्तित्व का प्रभाव सीमित नहीं था, उनका प्रभाव जीवन के अनेकानेक क्षेत्रों पर पड़ा था। उन्होंने धर्म, राजनीति, समाज, दर्शन और साहित्य को प्रभावित किया था। इसलिए उनके व्यक्तित्व के प्रभाव को "विविध" बताया गया है।

(iii) गान्धीजी के कान बड़े होने का लेखक ने क्या कारण बताया है ?

उत्तर—मानव के हर्ष-विषाद का कोई भी धीमे से धीमा स्वर अनसुना न रह जाये, इसी से संभवत नियति ने उसके कानों को कुछ बड़ा ही बनाया। साथ ही उनके कान बड़े मस्तक के अनुपात में बड़े होने ही चाहिए थे।

(iv) विश्व के लोक हृदय ने गान्धीजी को अपना क्यों माना ?

उत्तर—गान्धी जी को लोकहृदय ने ही पहचाना क्योंकि वे स्वयं उसी के प्रतिरूप थे। अपना हृदय तो हमारे लिए जीवन है अतः उससे हमारा द्वैत सम्बन्ध नहीं रहता और द्वैत के बिना स्वार्थ के संघर्ष की स्थिति असम्भव है। इसी से विश्व भर के लोक हृदय ने उन्हें अपना माना।

8. "कुछ कृश, लम्बी और इस्पाती स्नायुजाल से घिरी उज्ज्वल श्याम-वर्ण देह को देखकर लगता था मानों किसी साँचे में ढली लोह प्रतिमा को ज्वाला से धोकर स्वच्छ कर दिया गया हो।"
गान्धीजी की देह के लिए आप अपनी कल्पना से कोई अन्य उत्प्रेक्षा दीजिए।
उत्तर—हम कह सकते हैं "मानो किसी स्लेटी संगमरमर की प्रतिमा को धो पोंछ कर स्वच्छ कर दिया गया हो।"

9. निम्नांकित के रेखांकित अंशों का आशय स्पष्ट कीजिए—

(उत्तर सीमा 50 शब्द)

(i) सम्भवत: **सृजन का अक्षय ऋतु जीवन के अर्द्धवृत को भौतिकवाद** घेरने के उपरान्त शेष अर्द्धवृत को अध्यात्म से घेर कर पूर्ण करना चाहता था ।

उत्तर—जीवन एक गोले के समान है। इसका अर्द्धवृत भौतिकता का और दूसरा अध्यात्म का है। लेनिन ने जीवन के अर्द्धवृत को भौतिक वाद से घेरने का प्रयास किया था ।

(ii) प्रकृति भी विकृति के चरम बिन्दु तक पहुंचने के पहले ही अपनी **अज्ञेय शक्ति को पूँजीभूत करने लगती है** ।

उत्तर—प्रकृति अपनी उस शक्ति को जिसके बारे में कोई जानकारी नहीं, संचित करने लगती है ।

(iii) चलते हुए ही नहीं, ठहरते हुए भी **वे चरण चलने वाले की अबाध गति और अपने गंतव्य में उसकी अडिग आस्था** व्यक्त कर देते थे ।

उत्तर- गान्धीजी के चरण ठहरते हुए भी निरन्तर चलते रहने का भाव और गंतव्य में उनकी दृढ़ आस्था के भाव को प्रकट करते थे ।

(iv) उन आँखों में **दुराव-छिपाव के मेघखण्ड न होकर, विश्व का मुक्त विस्तृत आकाश**, रहता था ।

उत्तर—गान्धी जी की आंखों से कहीं भी दुराव-छिपाव की भावना प्रकट नहीं होती थी। उनमें विश्वास का भाव झलकता था ।

(v) किसी ने उसे जादूगर कहकर **अपने और उसके बीच लक्ष्मण रेखा खींच ली** ।

उत्तर---कुछ लोगों ने गान्धीजी को जादूगर माना और इस तरह अपने और उनके बीच अन्तर कर लिया। अर्थात् वे गान्धी और अपने में भिन्नता उत्पन्न कर उनसे दूर रहे ।

11. इस निबन्ध में दो नाम आये हैं—मार्क्स और लेनिन। ये दोनों हमारे युग के विश्वविख्यात महापुरुष हैं। इनकी जीवनी पढ़कर निम्नांकित विषय पर लगभग 200 शब्दों में एक निबन्ध लिखिए—

मार्क्स और लेनिन की आधुनिक युग की देन ।

उत्तर—मार्क्स एवं लेनिन दोनों ही रूसी महान पुरुष थे। इन्होंने साम्यवादी विचारधारा का प्रचार और प्रसार ही नहीं बल्कि इस विचारधारा को जन्म भी दिया था ।

मार्क्स की विचारधारा मार्क्सवाद के नाम से जानी जाती है। उन्होंने
ांकित बातों को प्रतिपादित किया।

(i) **द्वन्द्वात्मक भौतिकवाद**—प्रगति द्वन्द्वात्मक है पर उसका स्वरूप
र्थ मूलक है।

(ii) **इतिहास की आर्थिक व्याख्या**—मार्क्स के अनुसार इतिहास की
ख्या शुद्ध पदार्थ वाली भाषा में की जानी चाहिए न कि ईश्वर, उद्देश्य
: अभिप्राय वादी भाषा में।

(iii) **अधिक मूल्य का सिद्धान्त**—मार्क्स ने इसकी परिभाषा करते हुए
ा कि श्रमिक वर्ग द्वारा उत्पन्न किया गया वह मूल्य जो सामाजिक दृष्टि-
ण से उसकी स्थिति के लिए जितना आवश्यक है उससे अधिक हो। पूंजी-
ा द्वारा इसका हड़प लिया जाना एक प्रकार की चोरी है।

(iv) **वर्ग-युद्ध**—मार्क्स का यह विश्वास था कि पूंजी वर्ग अर्थात् धनिक
ग दिन पर दिन अधिकाधिक धनी होते जा रहे हैं और गरीब वर्ग दिन
दिन अधिकाधिक गरीब होता जा रहा है और अन्त में एक ऐसा समय
येगा कि गरीब लोग समाज में जिनका अत्यधिक बहुमत है, धनिक वर्ग को
ट देंगे और एक नये समाज की स्थापना करेंगे।

(v) **सर्वहारा की तानाशाही** मार्क्स का विश्वास है कि जब शक्ति से
जीवादी समाज नष्ट कर दिया जाता है तब कुछ समय के लिए जब तक-
र्ग विहीन समाज की स्थापना की जाती है, तानाशाही की अवधि
हती है।

(vi) **परिवार, धर्म आदि का विलोप**—मार्क्स की मान्यता है कि
यक्तिक परिवार और वैयक्तिक सम्पति का विलोप होगा। विवाह का एक
ात्र आधार होगा—"पारस्परिक-प्रेम"। विवाह का कोई नैतिक, धार्मिक
थवा आर्थिक महत्त्व न होगा। परिवार के साथ-साथ धर्म भी गायब हो
ायेगा। नैतिकता आपेक्षिक होगी।

(vii) **राज्य का श्रमिक विलोप**—प्रारम्भ से ही राज्य एक वर्ग द्वारा
ूसरे वर्ग पर दबाव डालने का साधन रहा है इसलिए साम्यवादी राज्य में
ह धीरे-धीरे समाप्त हो जायगा।

लेनिन ने मार्क्सवाद का शोधन किया। वैसे उन्होंने मार्क्स के सिद्धान्तों
की ही पुष्टि की है। इन दोनों ने विश्व को साम्यवाद की विचारधारा से

परिचित कराया है और पूंजीवाद की सत्ता से विश्व को मुक्त करना चाहा है।

12. इस निबन्ध के आधार पर महादेवी की निबन्ध शैली का वर्णन लगभग 150 शब्दों में कीजिए।

उत्तर—महादेवी मूलतः कवयित्री हैं पर उन्होंने गद्य साहित्य की श्री-वृद्धि में भी काफी योगदान दिया है। इनका कवि हृदय इनकी गद्य रचनाओं में भी फूटे बिना नहीं रहता है। अत कल्पना एवं विलम्ब इनकी गद्य शैली की प्रमुख विशेषताएं हैं। गान्धीजी के शारीरिक गठन का विवरण करने में इन्होंने उत्प्रेक्षा अलंकार का सहज रूप से प्रयोग किया है विषयवस्तु के प्रतिपादन में इन्होंने उपयुक्त तर्कों का प्रयोग किया है। अतः तार्किक विचार विश्लेष इनकी शैली की एक अन्य विशेषता है।

चित्रकला और कथन की मार्मिक वक्रता भी आपकी शैली की अन्य विशेषताएं हैं। प्रस्तुत निबन्ध में भी इन विशेषताओं के दर्शन किये जा सकते हैं।

भाषा की दृष्टि से भी इनके निबन्ध इनके कवि हृदय होने का प्रमाण हैं। भाषा में प्रसाद व माधुर्य गुण है। तत्सम शब्दों की बहुलता है। कहीं कहीं शब्दों के लाक्षणिक प्रयोग के कारण भाषा दुरूहता भी आ गई है। वाक्य भी थोड़े लम्बे हो गये हैं और संयुक्त एवं मिश्र वाक्यों के अधिक प्रयोग के कारण साधारण पाठक के लिए थोड़ी कठिनाई उपस्थित हो जाती है।

——

11. साहित्य की मेरी पहचान

डा. विद्यानिवास मिश्र

पाठ का सारांश—

प्रस्तुत निबन्ध में मिश्रजी ने "साहित्य क्या है?' के सम्बन्ध में अपने विचार व्यक्त किये हैं।

सर्वप्रथम मिश्र जी ने साहित्य को धूप की तरह बहुरूपी कहा है। जिस तरह धूप के कई रूप होते हैं—पूस की नरम धूप, फागुन-चैत की रूखी व अनमनी, जेठ की धूप झुलसाने वाली, सावन की धूप और क्वार की झुलसाने वाली धूप—उसी तरह साहित्य भी बहुरंगी होता है।

साहित्य कंचन नहीं पर कंचन का पानी है जिस पर चढ़ता है उसी के अनुसार निखार पाता है। साहित्य की पहचान साहित्य को ग्रहण करने वाला चित्र है। वह कुहनी की चोट है जो समूचे प्राण को झनझना देता है।

साहित्य की पहचान है लोक संस्कृति के साथ किये गये अन्याय की पहचान।

लेखक ने आगे कहा है कि वह गूंज जो दम्भ के लोह वर्म भेद कर मज्जा में ग्लानि बनकर उबल पड़ती है, साहित्य की पहचान है। साहित्य एक नदी का बहाव है जो इतिहास के कगारों को ढहाता है। साहित्य एक खौलती हुई कड़ाही है, जिसमें पेरे गये गन्ने का रस पकता है। वह पराई पीर में पंगा होता है। यह पीर ही साहित्य के आस्वाद को बढ़ाती है। गहरी वेदना के बाद साहित्य का आनन्द, आनन्द बन पाता है।

साहित्य का रंग मजीठी राग है, जिसे धोने पर और गहरा और गाढ़ा होता है। साहित्य का भूत भी एक बार चढ़ने पर फिर उतरता नहीं है। यह तो गालिब का इश्क है, आग है, जो लगाये लगती नहीं और लग जाये तो बुझती नहीं।

साहित्य प्रश्नाकुल है। वह मासूम बच्चे की तरह प्रश्न छोड़ता रहता है। वह कुछ जानने के लिए सदैव उत्सुक रहता है।

साहित्य आदमी के अहंकार के गज का गणेश के रूप में पुनरुज्जीवन है। साहित्य की लेखक की पहचान अभी भी अधूरी है। शायद कभी पूरी होगी भी नहीं।

अभ्यास के प्रश्न

1. निम्नांकित शब्दों का अपने वाक्यों में प्रयोग कीजिए—

उत्तर—

(i) **अस्तित्व**—अणु-परमाणु बम्बों ने सम्पूर्ण मानव जाति के अस्तित्व को ही खतरे में डाल दिया है।

(ii) **यन्त्रणा**—प्राचीन काल में मालिक अपने गुलामों को भूखे-प्यासे ही नहीं मारते थे वरन् उन्हें शारीरिक **यन्त्रणाएं** भी देते थे।

(iii) **अप्रासंगिक**—हंसी-खुशी और राग-रंग के माहौल में अपने कष्टों का राग छेड़ना अप्रासंगिक होता है।

(iv) **दारुण** गरीबों को धन के अभाव में जो **दारुण** कष्ट उठाने पड़ते हैं उनकी कल्पना करना भी सिहरन उत्पन्न करता है।

(v) **मयस्सर**—भारत में अब भी ऐसे कई लोग हैं जिन्हें दो वक्त की रोटी भी **मयस्सर** नहीं होती।

2. रेखांकित शब्दों की पद-व्याख्या कीजिए—
भैया, तुम्हारा मोह ऐसा लगता है, जैसे कुहनी की चोट।
उत्तर—

(i) भैया—जातिवाचक संज्ञा, एकवचन, पुल्लिग, सम्बोधन कारक।

(ii) तुम्हारा—पुरुष वाचक सर्वनाम, मध्यम पुरुष, पुल्लिग, एकवचन, सम्बन्ध कारक।

(iii) जैसे—सम्बन्ध वाचक अव्यय, मोह का कुहनी की चोट के साथ सम्बन्ध प्रकट करता है।

(iv) चोट—जातिवाचक संज्ञा, एकवचन, स्त्रीलिंग, सम्बन्ध कारक, कुहनी से सम्बन्ध प्रकट करता है।

3. निम्नांकित वाक्य का उसके संघटक उपवाक्यों में विश्लेषण करके उपवाक्यों के नाम बताइए—

"साहित्य केवल नदी का बहाव नहीं है, वह भी है, क्योंकि वह इतिहास के कगारों को ढहाता है, रास्ते के पत्थरों को रेत बनाता है और देश काल के परे उसको ले जाता है जिसे तोड़ता है और उसको भी जिसे वह बहाव के पानी से, भाषा की संवेदना से जोड़ता है।"

उपवाक्य	नाम
1. साहित्य केवल नदी का बहाव नहीं।	मुख्य वाक्य
2 वह भी है।	समान पदी
3. क्योंकि वह इतिहास के कगारों को ढाहता है।	क्रिया विशेषण उपवाक्य
4. वह रास्ते के पत्थरों को रेत बनाता है।	— ,, —
5. और देश काल के परे उसको ले जाता है।	समान पदी
6. जिसे तोड़ता है।	संज्ञा उपवाक्य
7. और उसको भी जिसे वह पानी से, भाषा की संवेदना से जोड़ता है।	समान पदी

4. इस पाठ में से चार लाक्षणिक प्रयोग वाले विशेषण छाँटकर उनका लक्ष्यार्थ स्पष्ट कीजिए।
नरम = सुहावनी
अनमनी = असुहावनी
ताप = वेदना, कष्ट पीर
कसैला = विषाद पूर्ण